मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय,

उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर

भारत 2023 INDIA

महत्वपूर्ण सूचना

विषयः- वर्ष 2025-26 में खेलकूद कोटे (खुला विज्ञापन) के तहत भर्ती अजमेर कारखाना ।

संदर्भः- 1.RRC/JP द्वारा खेलकूद कोटे के तहत भर्ती हेतु जारी दिनांक 30.06.2025 अधिसूचना संख्या 01/2025

2. इस कार्यालय की समसंख्यक सूचना दिनांक 28-11-2025

RRC/JP द्वारा खेलकूद कोटे के तहत भर्ती हेतु जारी अधिसूचना संख्या 01/2025 दिनांक 30.06.2025 के क्रम में प्राप्त आवेदनों की जांच करने के उपरान्त पात्र/अपात्र अभ्यार्थियों की सूची इस कार्यालय की संदर्भित सूचना दिनांक 28-11-2025 के द्वारा जारी की गई थी तथा पात्र अभ्यार्थियों का ट्रायल जनवरी-2026 के प्रथम सप्ताह में आयोजित किये जाने हेतु अवगत कराया था।

उपरोक्त के कम में अवगत करवाया जाता है कि अजमेर कारखाना पर वर्ष 2025-26 हेतु खेलकूद कोटे के तहत भर्ती हेतु पदो का विवरण एंव पात्र अभ्यार्थियों की ट्रायल निम्नानुसार आयोजित की जायेगीः-

Sr. No.	Name of Game	Event/Position/Weight Category	No. of Vacancies	Date of Trial, Time & Vanue
1.	Cricket(Mens)	Batsman	02	18.03.2026 08:00 AM Ajmer(Raj.)
2.		All Rounder	01	

उपरोक्तानुसार ट्रायल हेतु बुलावा पत्र रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की अधिकृत वेबसाइट पर शीघ्र ही अपलोड किये जायेंगे।

ट्रायल के लिए उपस्थित होने वाले पात्र अभ्यार्थी निम्न निर्देशो का ध्यान रखेः-

1. अभ्यार्थी अपने साथ ऑनलाईन आवेदन करते समय अपलोड़ किये गये सभी दस्तावेजो की मूल प्रति एंव 01 सेट स्वंय द्वारा सत्यापित प्रति ट्रायल में भाग लेने के समय आवश्यक रूप से साथ लावे अन्यथा उन्हें ट्रायल में भाग लेने का अवसर नहीं दिया जायेगा। यदि कोई दस्तावेज हिन्दी अथवा अग्रेजी के अलावा अन्य किसी भाषा में है तो उसका अनुवाद हिन्दी अथवा अंग्रेजी में स्वंय द्वारा सत्यापित कर साथ में लाना होगा। केवल उन्ही दस्तावेजो पर विचार किया जायेगा जिन्हे ऑनलाईन आवेदन करते समय अपलोड किया गया हो।
2. अभ्यार्थी अपने साथ इस आशय का नोटेरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र आवश्यक रूप से लावे कि, वह किसी सरकारी/अर्ध-सरकारी अथवा स्वायत्त निकाय में कार्यरत है अथवा नहीं।
3. ट्रायल हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यार्थियों को किसी प्रकार का दैनिक यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

Scanned with OKEN Scanner

4. अभ्यार्थी ट्रायल के समय संबंधित खेल की किट आवश्यक रूप से अपने साथ लावे।
5. अभ्यर्थियों को ट्रायल एंव भर्ती की प्रक्रिया हेतु 02-03 दिन रूकना पड़ सकता है जिसके लिए उन्हें स्वंय के स्तर पर व्यवस्था करनी होगीं।
6. रेल प्रशासन ट्रायल की तिथि में किसी बदलाव, स्थान परिर्वतन अथवा अपरिहार्य परिस्थिति में निरस्त करने का अधिकार रखता है जिसके लिए किसी प्रकार का कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।
7. ऑनलाईन आवेदन करते समय अपलोड़ की गई फोटोग्राफ, दस्तावेज सत्यापन/ट्रायल के समय मिलान होनी चाहिये।
8. चयन हेतु किसी भी प्रकार की Canvassing, Misbehaviour or Misconduct के लिए उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है जिसके लिए कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।
9. किसी भी प्रकार की शक्तिवर्धक दवा/ड्रग्स/स्टॅराईड/एलकोहॉल का उपयोग पूर्णतया वर्जित है तथा उम्मीदवार को आवश्यक होने पर चिकित्सा जांच हेतु भेजा जा सकता है। इन पदार्थो का उपयोग किया जाना पाये जाने पर ट्रायल/भर्ती प्रकिया में भाग नहीं लेने दिया जायेगा तथा उसकी उम्मीदवारी को रद्द करते हुए भारतीय रेलवे की सभी भर्ती प्रक्रियाओं से वंचित कर दिया जायेगा।
10. किसी भी उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में प्रतिरूपण (Impersonation) करने का प्रयास नहीं करना चाहिए या किसी प्रतिरूपक (Impersonator) की सहायता नहीं लेनी चाहिए। ऐसे उम्मीदवार को सभी आरआरबी / आरआरसी परीक्षाओं या रेलवे में किसी भी नियुक्ति में शामिल होने से आजीवन वंचित कर दिया जाएगा। साथ ही उम्मीदवार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।
11. उक्त के अतिरिक्त आरआरसी द्वारा जारी की गई अधिसूचना संख्या 01/2025 (NWR/Sports/Open Advt.) दिनांक 30.06.2025 में निहित सभी नियम व शर्ते अक्षरशः लागू रहेगी।
12. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वह रेलवे में नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके धोखा देने की कोशिश करने वाले दलालों और नौकरी रैकेटर्स से सावधान रहें।

(संख्या-EW 891/1/6 Part-2 दिनांक 11-03-2026)

(कविता गुप्ता)
सहायक कार्मिक अधिकारी/लोको,
कृते मुख्य कारखाना प्रबन्धक/स्था.,
उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर

Scanned with OKEN Scanner